प्रेस नोट

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत श्रीमान जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम सम्पन्न ।

आज दिनांक 23.04.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत लक्ष्मीबाई तिराहा हमीरपुर में पुलिस/प्रशासन अधि0/कर्म0गण तथा आमजनमानस के साथ अधिक से अधिक मतदान किये जाने हेतु शपथ ग्रहण कर मतदाता जागरुगता महिला स्कूटी रैली (पिंक स्कूटी रैली) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

दिनांक 20 मई, 2024 को लोकतन्त्र के महापर्व के अवसर पर जनपद के युवा, महिला, वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं को अधिक से अधिक बढ-चढ़कर मतदान किये जाने हेतु मतदाता जागरुकता महिला स्कूटी रैली (पिंक स्कूटी रैली) को मतदाताओं को जागरुक करने हेतु श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदया, हमीरपुर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा यह संदेश दिया गया कि निर्भीक होकर मतदान करें। जनपदवासियों को यह विश्वास दिलाया गया कि पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं, किसी भी व्यक्ति/अराजकतत्व द्वारा दबाव अथवा कोई प्रलोभन दिया जाता है अथवा डराया धमकाता है तत्काल पुलिस/प्रशासन को बताए। महिला स्कूटी रैली (पिंक स्कूटी रैली) कार्यक्रम में पुलिस/प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया । मतदाता जागरूकता विषयक पोस्टर वितरण किया गया तथा पोस्टर के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया ।

UP91 V2656